राज्यपाल सचिवालय
राज भवन, जयपुर

स्वतंत्रता दिवस – 2020

प्रदेश में कोरोना की भयावह स्थिति, एट होम नहीं होगा

– राज्यपाल

जयपुर, 29 जुलाई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने प्रदेश में कोरोना की भयावह स्थिति पर गहरी चिंता प्रकट की है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना के बढ़ते ऐक्टिव केस राज्य के लिए चिंता का विषय है। श्री मिश्र ने कहा कि प्रदेश में फैलती कोरोना वैश्विक महामारी को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस पर होने वाला एट होम इस बार नहीं होगा।

राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने कहा कि 13 मार्च को विधान सभा सदन की कार्यवाही स्थगित की गई थी, तब प्रदेश में ऐक्टिव केसेज की संख्या दो थी। उन्होंने कहा कि उस वक्त कोरोना वैश्विक महामारी के फैलाव को दृष्टिगत रखते हुए राजस्थान विधान सभा के सत्र को स्थगित किया गया था।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि एक जुलाई को ऐक्टिव मराजों की संख्या 3381 थी, जो 28 जुलाई को बढ़कर दस हजार से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कोरोना का निरन्तर विस्तार गहरी चिंता का विषय है। प्रदेश में कोरोना की रोकथाम के लिए गम्भीर प्रयास करने होंगे, तब ही इस वैश्विक महामारी के संकट से राज्य को बचाया जा सकता है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने प्रदेश में कोरोना की भयावह स्थिति को देखते हुए स्वतंत्रता दिवस की संध्या को प्रत्येक वर्ष होने वाले एट होम की इस बार नहीं किये जाने का निर्णय लेते हुए 15 अगस्त को होने वाले इस समारोह के आयोजन को रद्द कर दिया है।

—

डॉ. लोकेश चन्द्र शर्मा,
सहायक निदेशक, जनसम्पर्क,
राज्यपाल, राजस्थान
98292 71189